डिफेंस सेक्टर में ज्यादा से ज्यादा निवेश करेंगी ब्रिटिश कंपनियां

यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल के चेयरपर्सन ने सीएम से की मुलाकात

अमर उजाला ब्यूरो

सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले यूकेआईबीसी के चेयरपर्सन रिचर्ड हेल्ड। -विज्ञप्ति

लखनऊ। यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) के चेयरपर्सन रिचर्ड हेल्ड ने कहा है कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में यूके कंट्री पार्टनर के तौर पर शामिल होगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश कंपनियां प्रदेश में डिफेंस सेक्टर में ज्यादा से ज्यादा निवेश करेंगी। उन्होंने यह बात बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट के दौरान कही।

उन्होंने मुख्यमंत्री को लंदन यात्रा के लिए निमंत्रित करते हुए विभिन्न ब्रिटिश कंपनियों के प्रतिनिधियों से भेंट करने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश का बेहतर माहौल बना है। सीएम ने कहा कि ब्रिटिश कंपनियों के लिए राज्य में डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, डेयरी सहित सभी क्षेत्रों में निवेश के पर्याप्त अवसर हैं। राज्य सरकार वर्ष 2023 में यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। इस उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न सेक्टर्स के लिए निवेशोन्मुखी नीतियां तैयार की जा रही हैं। यह आयोजन ब्रिटिश उद्यमियों और निवेशकों के लिए भी अनेक संभावनाओं वाला हो सकता है। प्रदेश में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है। मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है।